# IN THE COURT OF PRINCIPAL JUDGE, FAMILY COURT, SIWAN

## Maintenance Case No.-119/2025

पीठासीन पदाधिकारी– **मनोज कुमार (द्वितीय)**,
प्रधान न्यायाधीश,
**परिवार न्यायालय, सिवान।**

सरीता देवी ––––––आवेदिका
बनाम
विकास कुमार राम –––––विपक्षी

| Sr. No. | Date | Order with signature of the Court | Office Action/s taken with Date |
|---|---|---|---|
| | **22-07-2026** | आवेदिका की ओर से गैर हाजिरी मॉफी आवेदन है परन्तु बारम्बार पुकार पर भी आवेदिका की ओर से कोई उपस्थित नहीं हैं और न ही आवेदिका का आवेदन प्रचालित करते हैं।<br>पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि, प्रस्तुत वाद आवेदिका के द्वारा दिनांक 06.06.2025 को दाखिल किया गया था और आवेदिका को आदेशित किया गया है कि वह विपक्षी के विरूद्व नोटिस निर्गत करने हेतु आपेक्ष दाखिल करे परन्तु आवेदिका न तो उपस्थित होती हैं और न ही अपने वाद की कार्यवाही आगे बढ़ाती हैं और न ही न्यायालय के आदेश का पालन कर रही है।<br>वाद अभिलेख के अवलोकन से यह भी प्रकट होता है कि, आवेदिका को बार–बार निर्देशित किया जा रहा है परन्तु उसके बाद भी आवेदिका न तो उपस्थित होती है और न ही उनकी ओर से कोई भी उपस्थित होकर वाद की कार्यवाही आगे बढ़ाती हैं और न ही न्यायालय के आदेश का पालन करती है।<br>आवेदिका दिनांक 17.12.2025 से लगातार अनुपस्थित रह रही है और आवेदिका आज भी अनुपस्थित हैं।<br>उपरोक्त विवेचन एवं आवेदिका के निरंतर अनुपस्थिति से यह स्पष्ट है कि, उसे वाद में रूचि नहीं रह गई है।<br>अतैव प्रस्तुत वाद अदम पैरवी में खारिज किया जाता है।<br><br>लेखापित<br><br>प्रधान न्यायाधीश, सिवान। | |